मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-485
26/12/2019

मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली यात्रा के तहत मरॉची में चल रही कई योजनाओं का किया निरीक्षण

पटना, 26 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जल–जीवन–हरियाली यात्रा के तहत पटना जिला अंतर्गत मोकामा प्रखंड के माढ़ो पोखर (चिन्तामणीचक) मरॉची के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने माढ़ो पोखर के पूर्वी एवं दक्षिणी छोर पर वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री ने माढ़ो पोखर के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण के निरीक्षण के क्रम में माढ़ो पोखर के उत्तरी एवं पूर्वी छोर पर अवस्थित जीर्णोद्धार किये गये सार्वजनिक कुंओं का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने जीविका, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बुडको, कृषि विभाग, उद्यान निदेशालय, जिला स्वास्थ्य समिति तथा आई0सी0डी0एस0 द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। जीविका की प्रदर्शनी के निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने जाँते से पीसकर तैयार किये जा रहे सत्तू को देखा। बुडको की प्रदर्शनी के निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि मोकामा शहर के विभिन्न नालों से आ रहे गंदे पानी को सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा शोधन कर सिंचाई के काम में उपयोग किया जाय। उन्होंने आई0सी0डी0एस0 द्वारा लगाये गये अन्नप्राशन कैम्प का भी निरीक्षण किया तथा एक छोटे बच्चे को अन्नप्राशन कराया। उन्होंने आई0सी0डी0एस0 द्वारा लगाये गये गोद भरायी कैम्प का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत श्रीमती सविता देवी, श्रीमती खुशबू देवी सहित 05 लाभार्थियों को 3.85 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। उन्होंने सामुदायिक निवेश निधि एवं वित्त पोषित योजना अंतर्गत 622 स्वयं सहायता समूह की श्रीमती रूखसाना खातून एवं श्रीमती अंजू देवी को 6.97 करोड़ रूपये के चेक प्रदान किये। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत दो लाभार्थियों को दो–दो हजार रुपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री द्वारा मत्स्य विपणन के लिए श्री उमेश चौधरी मोकामा एवं श्री चलीतर पासवान मोकामा को चार पहिया वाहन एवं श्री अखिलेश कुमार खुशरूपुर को तीन पहिया वाहन की चाबी प्रदान की गयी। मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना अंतर्गत श्री गौतम कुमार मोकामा, श्री राजेश कुमार मोकामा, श्री शशिभूषण चौधरी मोकामा, श्री जीतेन्द्र कुमार मोकामा, श्री अमित कुमार मोकामा को तीन पहिया वाहन (टेम्पू) की चाबी प्रदान की गयी।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत लाडली कुमारी माता–श्रीमती सोनी कुमारी वार्ड सं0–8 मोकामा, सुनैना कुमारी माता–श्रीमती काजल देवी वार्ड सं0–4 मोकामा, राशि कुमारी माता–श्रीमती काजल कुमारी सुलतानपुर चमरटोली मोड़ पश्चिमी मोकामा, अंजली कुमारी माता–श्रीमती शारदा देवी मेकरा नया टोला मोकामा, अंशु कुमारी माता–श्रीमती नेहा देवी सुलतानपुर बिन्द टोली मोड़ पश्चिमी मोकामा को 2000–2000 रुपये का चेक प्रदान किया।

जल–जीवन–हरियाली यात्रा के तहत माढ़ो पोखर के निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री अपने पुराने दिनों को याद कर भाव विह्वल हो गये। उन्होंने मारू टोला मोकामा की श्रीमती बौआबती देवी पति–श्री बालेश्वर महतो एवं श्री रामाश्रय महतो मारू टोला मोकामा को अपने पास बैठाया तथा उन्हें सम्मानित किया। वर्ष 1994 में जब वे लोक सभा चुनाव में

क्षेत्र भ्रमण के दौरान मारू टोला भ्रमण कर रहे थे, उसी समय पत्थर से टकराकर उनका पैर जख्मी हो गया था। उस वक्त श्रीमती बौआबती देवी ने ही मुख्यमंत्री के पैरों के जख्म की मरहम पट्टी की थी।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री श्री नीरज कुमार, सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जदयू जिला अध्यक्ष श्री दिलीप पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सियाराम सिंह, लोजपा जिला अध्यक्ष, सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री संजय कुमार अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय कुमार, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्रीमती गरिमा मलिक, उप विकास आयुक्त श्री सुहर्ष भगत सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******